नजर का धोखा

किसी चीज की लम्बाई–चौड़ाई का अनुमान लगा सकना बहुत काम का हुनर है। यदि हम अभ्यास करें तो हमारा अनुमान काफी सही हो जाता है। परंतु कभी–कभी अनुमान धोखा भी दे सकते हैं।

चित्र 1 में बनी क और ख रेखाओं को ध्यान से देखो।

अनुमान से बताओ कि इन दोनों में से कौन–सी अधिक लम्बी है।

चित्र 1 क

चित्र 1 ख

अब पैमाने से इनकी लम्बाई नापो।

क्या तुम्हारा अनुमान सही था?

यही प्रयोग चित्र 2 की रेखाओं से कर


चित्र 2 क

चित्र 2 ख

लेटा बड़ा या खड़ा

चित्र 3 में बने दोनों बांसों को ध्यान से देखो।

अनुमान से बताओ कि इनमें से कौन–सा अधिक लम्बा है, लेटा या खड़ा?

अब इनकी लम्बाई नापो।

क्या तुम्हारा अनुमान सही था?


चित्र 3

क्या तुम अपने अनुमान पर हमेशा भरोसा कर सकते हो?